## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 06.12.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को वर्ष 2026 में होने वाले चौबीसवें भारत–रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए रूस आने का आमंत्रण दिया।
- सरकार ने इंडिगो की उड़ानों के परिचालन में बाधा उत्पन्न करने वाली परिस्थितियों की समीक्षा के लिए चार सदस्यीय समिति का गठन किया।
- परीक्षा पे चर्चा की नौवें संस्करण की घोषणा– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ करेंगें बातचीत।
- भारतीय तटरक्षक बल द्वारा श्री विजयपुरम में क्षेत्रीय स्तर पर प्रदूषण प्रतिक्रिया अभ्यास का आयोजन।

<><><><><><><>

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को वर्ष 2026 में होने वाले चौबीसवें भारत–रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए रूस आने का आमंत्रण दिया है। तेईसवें भारत–रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य में, दोनों नेताओं ने येकातेरिनबर्ग और कज़ान में भारत के दो नए वाणिज्य दूतावासों के खुलने का स्वागत किया और अंतर–क्षेत्रीय सहयोग, व्यापार और आर्थिक संबंधों और मजबूत करने के लिए इनके शीघ्र संचालन की आशा व्यक्त की। दोनों नेताओं ने पिछले शिखर सम्मेलन के बाद सभी स्तरों पर संपर्कों में निरंतर बढ़ोतरी पर संतोष व्यक्त किया।

<><><><><><><>

निर्वाचन आयोग ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण– एसआईआर चरण दो की शुरूआत के बाद मतदाताओं में पचास करोड़ बानबे लाख से अधिक गणना प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं। इस चरण में लगभग इक्यावन करोड़ मतदाताओं में से निन्यानब्बे दशमलव नौ प्रतिशत सम्मिलित किए जाएंगे। आयोग ने कहा कि अब तक लगभग सैंतालीस करोड़ फॉर्म का डिजिटिकरण किया जा चुका है। नौ राज्यों और तीन केन्द्र शासित प्रदेशों में चार दिसंबर को मतदाता सूची में दूसरे चरण के एसआईआर की शुरूआत हुई है। इन राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, पुडुचेरी, लक्षद्वीप, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह शामिल हैं। मतदाता सूचियों

का बड़े पैमाने पर पुनरीक्षण अगले वर्ष चौदह फरवरी को अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के साथ संपन्न होगा।

<><><><><><><>

नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा है कि इंडिगो की उड़ानों में देरी और रद्दीकरण की स्थिति में सुधार हो रहा है और उम्मीद है कि आज से यात्रियों को प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ेगी। श्री नायडु ने कहा कि सरकार का मुख्य ध्यान हवाई अड्डों पर लंबित उड़ानों की संख्या कम करने पर है। उन्होंने कहा कि सरकार सभी आवश्यक हितधारकों के साथ सक्रिय रूप से बातचीत कर रही है। श्री नायडु कहा कि नागर विमानन मंत्रालय ने बच्चों, माताओं, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग व्यक्तियों को प्राथमिकता देने के लिए सभी हवाई अड्डे और एयरलाइन संचालकों के साथ बातचीत की है।

<><><><><><><>

सरकार ने पिछले महीने इक्कीस नवंबर को नई श्रम संहिताएं लागू की हैं। इन संहिताओं से भारत के श्रमिकों की आजीविका में स्थिरता आएगी। नए श्रम सुधारों के तहत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों एमएसएमई को अब और अधिक आसान अनुपालन प्रणाली का लाभ मिल रहा है। यह सुधार यह पक्का करते हैं कि किसी भी कर्मचारी को न्यूनतम वेतन से कम वेतन न मिले और अधिक समय तक का वेतन नियमित दर से कम से कम दोगुने दिया जाए। यह कानून सामाजिक सुरक्षा कवरेज का भी विस्तार करते हैं, जिससे छोटे उद्योगों के श्रमिकों को बीमा, मातृत्व लाभ, पेंशन और अन्य कल्याण योजना का लाभ मिल सके। नये श्रम सुधार बेहतर कर्मचारी कल्याण लाते हैं जो भारत के आर्थिक विकास को आगे बढ़ने में एम एस एम ई क्षेत्र की भूमिका को सहायता देता है।

<><><><><><><>

शिक्षा मंत्रालय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले प्रमुख संवादात्मक कार्यक्रम, परीक्षा पे चर्चा के नौवें संस्करण की घोषणा की है। इस अनूठी पहल का उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को परीक्षा के तनाव को कम करना है। यह कार्यक्रम अगले वर्ष जनवरी दो हजार छब्बीस में आयोजित किया जाएगा। प्रशासन द्वारा द्वीप समूह के छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में भाग लेने के लिए ऑनलाइन आमंत्रित किया है।

<><><><><><><>

जीएसटी 2.0 के तहत हाल ही में लागू की गई दर परिवर्तनों के बाद, द्वीप समूह के जीएसटी विभाग ने पाया कि क्षेत्र के कई व्यवसायों ने अभी तक संशोधित जीएसटी दरों, विनियमों और छूटों का अनुपालन नहीं किया हैं। इसके जवाब में यूटी जी एस टी आयुक्त के नेतृत्व में, विशेष दल श्री विजया पुरम में व्यवसायिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर रही हैं। इस दौरान मौके पर ही जुर्माना लगाया जा रहा है। इस अभियान के तहत, विभाग ने कुल तीन दशमलव नौ तीन लाख की जुर्माना राशि वसूल की है। विभाग द्वारा सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को नियमों का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया गया है।

<><><><><><><>

क्षेत्रीय कृषि कार्यालय, ने कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी के सहयोग से , कालीकट गाँव में विश्व मृदा दिवस मनाया, साथ ही 'मृदा और जल संरक्षण तकनीकों' पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम "स्वस्थ शहरों के लिए स्वस्थ मृदा" विषय पर आयोजित किया गया था। इस अवसर पर कृषि सहायक निदेशक डॉ. एस. सी. रेखा ने मृदा संसधनों की सुरक्षा और टिकाउ, खेती के महत्व पर बल दिया। सत्र के दौरान किसानों का मृदा स्वास्थ्य कार्ड भी वितरित किए गए।

<><><><><><><>

भारतीय तटरक्षक बल ने अंडमान निकोबार कमान के तत्वावधान में श्री विजया पुरम में दो दिवसीय क्षेत्रीय स्तर प्रदूषण प्रतिक्रिया अभ्यास आयोजित किया। इस अभ्यास का उद्देश्य द्वीप समूह में समुद्री प्रदूषण घटनाओं पर प्रतिक्रिया देने के लिए तैयारी बढ़ाना और सामूहिक क्षमता को मजबूत करना था। टेबल टॉप अभ्यास के दौरान हितधारकों द्वारा तैयार योजनाओं की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। भारतीय तटरक्षक बल द्वारा समुद्री अभ्यास के दौरान सहयोगी एजेंसियों की प्रदूषण प्रतिक्रिया क्षमताओं का प्रदर्शन किया गया। इसके अतिरिक्त तटरक्षक बल के डॉर्नियर विमानों और चेतक हेलीकॉप्टरों ने तेल के फैलाव को कम करने के लिए स्प्रे पॉड्स का उपयोग करके अपनी हवाई क्षमता का प्रदर्शन भी किया।

<><><><><><><>

कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से द्वीप पर्यटन उत्सव में भाग लेने वाले सभी सांस्कृतिक संगठनों से पन्द्रह और सोलह दिसम्बर को पूर्वाभ्यास के लिए अंडमान क्लब में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान सभी भाग लेने वाले समूहों को चयन समिति के समक्ष कार्यक्रम प्रस्तुत करना होगा। अधिक जानकारी के लिए जी टी टी सुजित कुमार रॉय से फोन संख्या नौ नौ तीन तीन दो चार एक छह सात आठ पर सम्पर्क करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

ग्रामीण परिवारों की आजीविका के अवसरों को बढ़ावा देने और घरेलू पालन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पशुपालन और पशु चिकित्सा सेवा विभाग ने कल पशु चिकित्सा औषधालय, मंगलुटान में बीस चयनित लाभार्थियों को 'खाकी कैंपबेल' प्रजाति के बत्तख के चूजे वितरित किए।

<><><><><><><>

नौसेना सप्ताह के दौरान सात दिसम्बर को मरीना पार्क में शाम साढ़े पांच बजे से सात बजे तक सिम्फॉनिक बैंड कॉनसर्ट का आयोजन किया गया है। भारतीय नौसेना की ओर से द्वीपवसियों को इस कॉनसर्ट में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।

<><><><><><><>

डिस्ट्रिक्ट लेवल योग स्पोट्र्स चैंपियनशिप 13 और 14 दिसंबर को आयोजित होगी। इसमें ट्रेडिशनल योगासन, आर्टिस्टिक योगासन, रिदमिक योगासन, और एक्रोबैटिक योगा शामिल हैं। इच्छुक खिलाड़ी अपने नाम इन्ट्री फीस के साथ दस दिसम्बर तक नेताजी स्टेडियम के ऑलम्पिक एसोसिएशन के कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>